>

Title: Need to recruit local people in Ordnance Factory at Itarsi, Madhya Pradesh through Employment exchange.

श्री उदय प्रताप सिंह (होशंगाबाद): मैं इटारसी आयुध निर्माण फैक्ट्री, मध्य प्रदेश में डिफेंस सिविलियन एवं केन्द्र सरकार के ग्रुप- सी कर्मचारियों की भर्ती विज्ञापनों के माध्यम से नहीं करके मध्य प्रदेश के लोकल रोजगार कार्यालयों द्वारा किए जाने बाबत आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं।

कुछ वर्षों पहले तक इटारसी आयुध निर्माण फैक्टरी, मध्य प्रदेश में ग्रुप- सी कर्मचारियों की नियुक्ति संबंधित राज्य के लोकर रोजगार कार्यालयों द्वारा की जाती थी लेकिन आजकल केन्द्र सरकार के सभी कार्यालयों में भर्ती विज्ञापनों के माध्यम से की जा रही है। महोदय, इटारसी एक आदिवासी एवं पिछड़ा हुआ क्षेत्र है, जहां पर बड़ी संख्या में युवक एवं युवतियां बेरोजगारी के कगार पर हैं। आयुध निर्माण फैक्टरी में वर्तमान में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की जा रही हैं लेकिन उसमें स्थानीय लोगों को नजरअंदाज किया जा रहा है एवं विज्ञापनों के माध्यम से दूसरे राज्यों के लोगों की भर्ती की जा रही है, जिससे वहां के स्थानीय गरीब एवं आदिवासी युवक बेरोजगार ही रह जाते हैं।

इस समय वर्तमान में अनुकंपा के आधार पर आश्रितों का कोटा केवल 5 प्रतिशत ही है जो कि तर्कसंगत नहीं है। अतः इटारसी आयुध फैक्टरी, मध्य प्रदेश में इसे बढ़ाकर शत-प्रतिशत किया जाए, जिससे कि स्थानीय एवं गरीब आदिवासी लोग बेरोजगारी की समस्या से निजात पा सकें। दूसरे राज्यों से आकर यहां पर काम करने वाले कर्मचारी कुछ दिनों बाद अपना स्थानांतरण करवाकर अपने पैतृक राज्यों में चले जाते हैं, जिससे वहां पर पुनः स्थान रिक्त हो जाता है और फिर उन्हें पुनः विज्ञापन के माध्यमों से भर दिया जाता है, जिससे समस्या वहीं की वहीं रहती है।

अतः बेरोजगारी की विकराल समस्या को देखते हुए मेरा अनुरोध है कि इटारसी आयुध फैक्टरी , मध्य प्रदेश में डिफेंस सिविलियन एवं केन्द्र सरकार के ग्रुप-सी कर्मचारियों की भर्ती स्थानीय स्तर पर मध्य प्रदेश के लोकर रोजगार कार्यालयों द्वारा की जाये।